Modicare FOUNDATION

KHWABON KA KARWAAN

A MONTHLY NEWSLETTER

/modicarefoundation.org /officialmodicarefoundation

modicarefoundation

नवंबर 2022

एमसीडी प्राथमिक विद्यालय में जीवन कौशल प्रशिक्षण

एमसीडी प्राथमिक विद्यालयों में जीवन कौशल प्रशिक्षण

मोदीकेयर फाउंडेशन ने दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग के साथ साझेदारी की है जिसके अंतर्गत 72 एमसीडी प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के साथ तीन दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण एवं सरकारी स्कूल के शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों के माता-पिता के साथ यौनिक अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम, 2012 (**POCSO**) पर ओरिएंटेशन सत्रों का आयोजन किया जाता है।

नवंबर माह में एमसीडी के 11 स्कूलों में 44 प्रशिक्षण आयोजित किए गए जिनमें 1400 छात्रों प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श, स्वास्थ्य एवं पोषण तथा बुलिंग आदि प्रमुख मुद्दे शामिल थे। सत्र के अंत में छात्र:

- सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श की पहचान करने और उनमें अंतर करने में सक्षम हुए। वे ख़ुद को बचाने के विभिन्न तरीकों को अपनाने और तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिए उचित उपायों के प्रति जागरुक हुए।
- स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में पोषण, स्वस्थ खाने की आदतों और स्वच्छता के महत्व को समझा।
- चंचलता, मस्ती और बुलिंग के बीच के अंतर को समझने में सक्षम हुए। छात्रों को बुलिंग से ख़ुद को बचाने के तरीके भी सिखाए गए।

एमसीडी प्राथमिक विद्यालयों के 54 शिक्षकों को बच्चों के लिए जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम और पॉक्सो अधिनियम के मुख्य प्रावधानों पर उन्मुख किया गया। अधिकांश शिक्षक अधिनियम के बारे में जानते थे; हालाँकि, अधिनियम के बारे में विस्तृत चर्चा ने उन्हें शिक्षकों के रूप में उनकी विशिष्ट भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को समझने में मदद की।

ख़्वाबगाह के छात्रों की कलाकृतियाँ



Modicare FOUNDATION

KHWABON KA KARWAAN

A MONTHLY NEWSLETTER

/modicarefoundation.org /officialmodicarefoundation

modicarefoundation

ख़्वाबगाह जसोला और नूर नगर में बाल दिवस समारोह

मोदीकेयर फाउंडेशन द्वारा अपनाये गए चारो विद्यालयों में 14 नवंबर को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। कई बच्चे जवाहरलाल नेहरू के वेश में आए। इस अवसर पर चारो विद्यालयों में कला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और प्रत्येक कक्षा के विजेताओं को प्रशंसा प्रमाण पत्र दिए जायेंगे।

एक अकादमिक प्रमुख होने का अनुभव – सल्तनत

मैं मोदीकेयर फाउंडेशन में 5 साल से काम कर रही हूँ। जब मैं संस्था के साथ जुड़ी, तब मैं सिर्फ एक फ्रेशर टीचर थी, लेकिन मोदीकेयर फाउंडेशन ने मुझे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग करने का मौका दिया, ताकि छात्रों की जरूरत में सुधार किया जा सके। मोदीकेयर फाउंडेशन में दो साल काम करने के बाद, मुझे जसोला स्कूल में ग्रेड प्रभारी के रूप में पदोन्नत किया गया। मैंने एक ग्रेड प्रभारी के रूप में कई नेतृत्व कौशल सीखे। इसके बाद जुलाई 2022 में मेरा ट्रांसफर नूर नगर स्कूल में कर दिया गया। कुछ महीनों में ही मुझे अकादमिक प्रमुख के रूप में पदोन्नत किया गया। संस्था ने मुझे हमेशा प्रेरित किया है, मेरे काम की सराहना की है और मुझे एक अच्छे कर्मचारी के रूप में आगे बढ़ने के अवसर दिए हैं।